भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 5403

25 मार्च, 2026 के लिए प्रश्न

गेहूं और धान की खरीद का लक्ष्य

5403. श्री मनोज कुमार:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2020-21 से 2026 तक भारतीय खाद्य निगम द्वारा खाद्यान्न खरीद नीति के अंतर्गत खरीदे गए और खरीदे जाने वाले गेहूं, धान और मोटे अनाजों की मात्रा का वर्ष-वार, फसल-वार और राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2026 के बीच लक्ष्य की तुलना में गेहूं, धान और मोटे अनाज की खरीद लक्ष्य और खरीद की मात्रा का राज्य-वार, वर्ष-वार और फसल-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि बिहार में इस मौसम में अधिक धान का उत्पादन हुआ था और सरकार ने बिहार के लिए बहुत कम लक्ष्य निर्धारित किया था;

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार की बिहार के किसानों से शत-प्रतिशत धान की खरीद करने के लक्ष्य को बढ़ाकर अप्रैल, 2026 तक की समय-सीमा बढ़ाने की कोई योजना है;

(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(च) उक्त अवधि के दौरान विकेन्द्रीकृत खरीद प्रणाली के अंतर्गत की गई खरीद का राज्य-वार, फसल-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री

(श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया)

(क): न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के तहत किसानों से खाद्यान्न की खरीद मुख्य रूप से राज्य सरकार की एजेंसियों द्वारा की जाती है और एफसीआई द्वारा सीधे खरीदी गई मात्रा नगण्य है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई), अन्य राज्य एजेंसियों के साथ मिलकर गेहूं और धान की खरीद करता है। मौजूदा नीति के अनुसार, राज्य सरकारें और उनकी एजेंसियां विकेंद्रीकृत खरीद (डीसीपी) प्रणाली के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर मोटे अनाज/मिलेट्स (श्री अन्न) की खरीद करती हैं। एफसीआई मोटे अनाज की खरीद नहीं करता है।

खरीफ विपणन मौसम (केएमएस) 2020-21 से एफसीआई द्वारा खरीदी गई धान की मात्रा का वर्षवार और राज्यवार विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

...2/-

रबी विपणन मौसम (आरएमएस) 2020-21 से एफसीआई द्वारा खरीदी गई गेहूं की मात्रा का वर्षवार और राज्यवार विवरण **अनुबंध-II** में दी गई है।

(ख): खरीफ विपणन मौसम (केएमएस) 2020-21 से केंद्रीय पूल के लिए धान (चावल के संदर्भ में) की अनुमानित और वास्तविक खरीद का वर्षवार और राज्यवार विवरण **अनुबंध-III** में है।

रबी विपणन मौसम (आरएमएस) 2020-21 से केंद्रीय पूल के लिए खरीदी गई गेहूं की अनुमानित और वास्तविक मात्रा की वर्षवार एवं राज्यवार जानकारी **अनुबंध-IV** में दी गई है।

खरीफ विपणन मौसम (केएमएस) 2020-21 से केंद्रीय पूल के लिए खरीदे गए मोटे अनाज के अनुमान और मात्रा का वर्षवार और राज्यवार विवरण **अनुबंध-V** में दिया गया है।

(ग) से (ङ): धान की खरीद (चावल के रूप में) के अनुमान को भारत सरकार द्वारा राज्य सरकारों और भारतीय खाद्य निगम के परामर्श से प्रत्येक विपणन मौसम के प्रारंभ से पहले अनुमानित उत्पादन, विपणन योग्य अधिशेष और कृषि फसल पैटर्न के आधार पर अंतिम रूप दिया जाता है। किसी राज्य में खरीद केवल उत्पादन पर ही नहीं बल्कि विपणन योग्य अधिशेष, एमएसपी, प्रचलित बाजार दर, मांग और आपूर्ति की स्थिति और निजी व्यापारियों की भागीदारी आदि जैसे कई अन्य कारकों पर भी निर्भर करती है।

केएमएस 2025-26 (खरीफ) के लिए बिहार में धान की खरीद का अनुमान 25 लाख टन (एलएमटी) [चावल के संदर्भ में] है, जिसकी तुलना में दिनांक 19.03.2026 तक 22.84 लाख टन की खरीद की जा चुकी है। राज्य सरकार के अनुरोध पर, केएमएस 2025-26 (खरीफ) के दौरान बिहार में धान की खरीद की अवधि दिनांक 28.02.2026 से बढ़ाकर 31.03.2026 कर दी गई है और इस संबंध में आगे कोई अनुरोध नहीं है।

(च): खरीफ विपणन मौसम (केएमएस) 2020-21 से केंद्रीय पूल के लिए डीसीपी प्रणाली के तहत की गई धान की खरीद का वर्षवार और राज्यवार विवरण **अनुबंध-VI** में दिया गया है।

रबी विपणन मौसम (आरएमएस) 2020-21 से केंद्रीय पूल के लिए डीसीपी प्रणाली के तहत किए गए गेहूं की खरीद का वर्षवार और राज्यवार विवरण **अनुबंध-VII** में दिया गया है।

मोटे अनाज की खरीद केवल राज्य सरकारों द्वारा डीसीपी प्रणाली के तहत की जाती है और इसका विवरण **अनुबंध-V** में है।

*****

अनुबंध-।

लोक सभा में दिनांक 25.03.2026 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न सं.5403 के उत्तर के भाग (क) में उल्लिखित अनुबंध

एफसीआई द्वारा धान की खरीद

आंकड़े लाख टन में

राज्य	केएमएस 2020-21	केएमएस 2021-22	केएमएस 2022-23	केएमएस 2023-24	केएमएस 2024-25	केएमएस 2025-26*
असम	1.27	2.43	1.94	0.13	0.18	0.06
चंडीगढ़	0.28	0.27	0.19	0.25	0.26	0.19
हरियाणा	0.59	0.60	0.14	0.00	0.00	0.00
हिमाचल प्रदेश	0.00	0.28	0.07	0.00	0.00	0.00
झारखंड	1.69	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
जम्मू एवं कश्मीर	0.38	0.41	0.34	0.24	0.33	0.50
पंजाब	2.69	1.69	2.00	0.38	1.47	0.41
राजस्थान	0.00	0.07	0.00	0.00	0.00	0.00
उत्तर प्रदेश	1.10	1.08	1.12	0.50	0.77	0.83
पश्चिम बंगाल	0.65	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
पुद्दुचेरी	0.00	0.003	0.001	0.002	0.002	0.000
कुल	**8.65**	**6.83**	**5.80**	**1.50**	**3.01**	**1.99**

*खरीफ विपणन मौसम 2025-26 प्रगति पर है। दिनांक 16.03.2026 तक के आंकड़े।

*****

अनुबंध- II

लोक सभा में दिनांक 25.03.2026 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न सं.5403 के उत्तर के भाग (क) में उल्लिखित अनुबंध

एफसीआई द्वारा गेहूं की खरीद

आंकड़े लाख टन में

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	आरएमएस 2020-21	आरएमएस 2021-22	आरएमएस 2022-23	आरएमएस 2023-24	आरएमएस 2024-25	आरएमएस 2025-26
1	पंजाब	14.20	12.21	6.21	4.14	3.26	3.03
2	हरियाणा	6.69	6.94	4.00	3.02	0.78	0.71
3	उत्तर प्रदेश	1.34	1.39	0.07	0.10	1.11	0.84
4	बिहार	0.00	0.00	0.00	0.00	0.06	0.14
5	राजस्थान	16.29	16.57	0.10	3.37	8.81	14.91
6	चंडीगढ़	0.11	0.17	0.03	0.09	0.08	0.09
7	दिल्ली	0.00	0.06	0.00	0.00	0.00	0.00
8	हिमाचल प्रदेश	0.03	0.13	0.03	0.00	0.00	0.00
9	जम्मू एवं कश्मीर	0.00	0.24	0.00	0.00	0.00	0.00
कुल		**38.66**	**37.71**	**10.44**	**10.72**	**14.10**	**19.72**

अनुबंध- III

लोक सभा में दिनांक 25.03.2026 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न सं.5403 के उत्तर के भाग (ख) में उल्लिखित अनुबंध

धान का अनुमान और वास्तविक खरीद (चावल के संदर्भ में)

(आंकड़े लाख टन में)

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	केएमएस 2020-21		केएमएस 2021-22		केएमएस 2022-23		केएमएस 2023-24		केएमएस 2024-25		केएमएस 2025-26 (दिनांक 19.03.2026 तक जारी)	
	अनुमान	वास्तविक खरीद	अनुमान	वास्तविक खरीद	अनुमान	वास्तविक खरीद	अनुमान	वास्तविक खरीद	अनुमान	वास्तविक खरीद	अनुमान	वास्तविक खरीद
आंध्र प्रदेश	72.00	56.66	58.50	44.61	51.49	27.55	50	20.38	35.00	25.60	40.00	27.38
तेलंगाना	105.00	94.53	86.20	73.94	104	62.89	100	63.86	71.00	67.29	74.50	39.49
असम	5.60	1.42	6.69	3.79	6.32	4.01	8.06	2.64	6.40	5.70	5.20	1.69
बिहार	30.00	23.84	30.50	30.09	30	28.17	21.44	20.63	30.00	26.28	25.00	22.84
चंडीगढ़	0.00	0.19	0.00	0.18	0	0.13	0	0.17	0.00	0.18	0.00	0.13
छत्तीसगढ़	60.00	47.62	61.65	61.65	61	58.65	83	83.00	78.00	78.00	73.00	73.00
दिल्ली	0.00	0.00	0.20	0.00	0	0.00	0	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
गुजरात	0.84	0.74	1.14	0.82	1.36	1.18	1.37	0.57	0.34	0.24	0.24	0.46
हरियाणा	44.00	37.89	40.00	37.06	40	39.77	40	39.49	40.00	36.17	36.00	35.96
हिमाचल प्रदेश	0.00	0.00	0.38	0.19	0.33	0.09	0.15	0.15	0.18	0.25	0.16	0.14
झारखंड	3.00	4.28	5.36	5.12	5	1.17	3	0.50	2.50	1.40	0.71	0.39
जम्मू एवं कश्मीर	0.27	0.26	0.75	0.27	0.45	0.22	0.27	0.16	0.19	0.22	0.20	0.33
कर्नाटक	12.25	1.38	3.47	1.47	3.45	0.14	1.86	0.00	5.29	0.00	0.06	0.04
केरल	5.80	5.20	5.05	5.09	5.3	4.97	5.3	3.80	3.94	3.95	4.20	1.15
मध्य प्रदेश	27.00	24.97	30.15	30.70	31	31.02	34	28.25	30.00	29.09	32.00	34.67
महाराष्ट्र	15.88	12.72	14.39	12.27	14.02	12.38	13.79	7.80	13.25	10.67	11.00	6.47
ओडिशा	48.00	52.58	53.00	48.31	48.71	53.83	54.28	48.20	58.00	58.17	54.00	49.75
पुद्दुचेरी	0.10	0.00	0.09	0.00	0.09	0.00	0.1	0.00	0.12	0.00	0.02	0.00
पंजाब	113.00	135.89	125.48	125.48	125	122.01	124.14	124.14	124.00	116.13	116.00	104.86
एनईएफ (त्रिपुरा)	0.34	0.16	0.39	0.39	0.44	0.30	0.64	0.21	0.45	0.24	0.27	0.11
तमिलनाडु	29.00	30.53	33.82	18.76	22.76	23.01	23.73	23.77	32.69	32.63	30.00	16.00
उत्तर प्रदेश	37.00	44.78	46.90	43.91	40	43.89	44	36.05	41.00	38.66	39.00	41.75
उत्तराखंड	6.70	7.18	7.79	7.74	6	6.00	5.56	4.89	5.00	4.51	5.00	5.02
पश्चिम बंगाल	26.80	18.90	27.00	24.01	29	21.82	14.04	16.79	20.65	19.91	20.00	16.37
राजस्थान	0.00	0.00	0.34	0.05	0.34	0.00	0	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
अखिल भारतीय कुल	**642.58**	**601.73**	**639.24**	**575.88**	**626.06**	**543.20**	**628.73**	**525.48**	**598.00**	**555.31**	**566.56**	**478.00**

अनुबंध- IV

लोक सभा में दिनांक 25.03.2026 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न सं.5403 के उत्तर के भाग (ख) में उल्लिखित अनुबंध

गेहूँ का अनुमान और वास्तविक खरीद

आंकड़े लाख टन में

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	आरएमएस 2020-21		आरएमएस 2021-22		आरएमएस 2022-23		आरएमएस 2023-24		आरएमएस 2024-25		आरएमएस 2025-26		आरएमएस 2026-27• (19.03.2026 तक)	
	अनुमान	खरीद	अनुमान	खरीद	अनुमान	खरीद	अनुमान	खरीद	अनुमान	खरीद	अनुमान	खरीद	अनुमान	खरीद
पंजाब	135.00	127.14	130.00	132.22	132.00	96.45	132.00	121.12	130.00	124.57	124.00	119.19	122.00	
हरियाणा	95.00	74.00	80.00	84.93	85.00	41.86	75.00	63.17	80.00	71.51	75.00	71.43	72.00	
उत्तर प्रदेश	55.00	35.77	55.00	56.41	60.00	3.36	35.00	2.20	60.00	9.31	30.00	10.27	10.00	
मध्य प्रदेश	130.00	129.42	135.00	128.16	129.00	46.04	80.00	70.97	80.00	48.39	80.00	77.74	78.00	
बिहार	2.00	0.05	7.00	4.56	10.00	0.04	10.00	0.01	2.00	0.10	2.00	0.18	0.18	
राजस्थान	21.74	22.25	23.25	23.40	23.00	0.10	5.00	4.38	20.00	12.06	20.00	21.37	21.00	
उत्तराखंड	2.00	0.39	2.20	1.44	2.20	0.02	2.00	0.00	0.50	0.02	0.50	0.01	0.01	
चंडीगढ़		0.11		0.17		0.03		0.10		0.08		0.09		
दिल्ली		0.00	0.50	0.06	0.18	0.00		0.00		0.00		0.00		
गुजरात	1.25	0.77	2.00	1.70	2.00	0.00	2.00	0.00	0.10	0.00	1.00	0.04	0.04	
महाराष्ट्र	0.17	0.00	0.05	0.01		0.00		0.00		0.00		0.00		
हिमाचल प्रदेश	0.33	0.03	0.13	0.13	0.27	0.03	0.30	0.03	0.10	0.03	0.10	0.03	0.03	
जम्मू एवं कश्मीर		0.00	0.22	0.24	0.35	0.00	0.20	0.00	0.20	0.00	0.10	0.00	0.10	
अखिल भारतीय कुल	**442.49**	**389.93**	**435.34**	**433.44**	**444.00**	**187.92**	**341.50**	**261.97**	**372.90**	**266.05**	**332.70**	**300.35**	**303.36**	**0.00**

• जारी है

अनुबंध-V

लोक सभा में दिनांक 25.03.2026 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न सं.5403 के उत्तर के भाग (ख) और (च) में उल्लिखित अनुबंध

मोटे अनाज के अनुमान और खरीद को दर्शाने वाला विवरण

16.03.2026 तक का आंकड़ा

आंकड़े टन में

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	केएमएस 2020-21							
	ज्वार		बाजरा		मक्का		रागी	
	अनुमान	खरीद	अनुमान	खरीद	अनुमान	खरीद	अनुमान	खरीद
गुजरात		-		11,515		4,133		-
हरियाणा		-		1,50,000		-		-
कर्नाटक		80,722		-		-		4,74,098
मध्य प्रदेश		29,582		1,95,351		-		-
महाराष्ट्र		36,168		5,005		94,769		-
उत्तर प्रदेश		-		-		1,06,413		-
कुल		**1,46,472**		**3,61,871**		**2,05,315**		**4,74,098**

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	केएमएस 2021-22							
	ज्वार		बाजरा		मक्का		रागी	
	अनुमान	खरीद	अनुमान	खरीद	अनुमान	खरीद	अनुमान	खरीद
गुजरात	-	-	20,000	7,284	10,000	389	-	-
हरियाणा	-	-	1,50,000	-	-	-	-	-
कर्नाटक	1,10,000	1,03,920	-	-	-	-	5,24,000	4,04,784
मध्य प्रदेश*	1,79,000	32,393	-	5,400	-	-	-	-
महाराष्ट्र	75,337	20,262	37,930	567	1,53,526	19,615	1,500	253
ओडिशा	-	-	-	-	-	-	40,000	32,302
उत्तर प्रदेश	-	-	-	-	50,000	2,763	-	-
कुल	**3,64,337**	**1,56,575**	**2,07,930**	**13,251**	**2,13,526**	**22,767**	**5,65,500**	**4,37,339**

* खरीफ विपणन मौसम 2021-22 के लिए, मध्य प्रदेश में 179000 टन के अनुमान में बाजरा और ज्वार दोनों शामिल हैं

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	केएमएस 2022-23							
	ज्वार		बाजरा		मक्का		रागी	
	अनुमान	खरीद	अनुमान	खरीद	अनुमान	खरीद	अनुमान	खरीद
आंध्र प्रदेश	5,000	3,621	-	-	-	-	10,000	4
छत्तीसगढ़	-	-	-	-	10,000	-	-	-
गुजरात	5,000	685	70,000	57,411	20,000	197	-	-
हरियाणा	-	-	1,60,000	81,147	5,000	-	-	-
जम्मू एवं कश्मीर	-	-	-	-	15,727	-	-	-
कर्नाटक	2,00,000	76,897	-	-	-	-	5,00,000	4,54,404
मध्य प्रदेश	40,000	258	1,40,000	-	-	-	-	-
महाराष्ट्र	32,963	3,736	2,279	10	1,05,579	12,925	11,200	636
ओडिशा	-	-	-	-	-	-	60,000	-
राजस्थान	-	-	26,511	-	-	-	-	-
तमिलनाडु	-	-	-	-	-	-	17,000	515
उत्तर प्रदेश	-	-	50,000	43,437	1,00,000	-	-	-
उत्तराखंड	-	-	-	-	-	-	9,600	1,186
कुल	**2,82,963**	**85,197**	**4,48,790**	**1,82,005**	**2,56,306**	**13,122**	**6,07,800**	**4,56,745**

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	केएमएस 2023-24							
	ज्वार		बाजरा		मक्का		रागी	
	अनुमान	खरीद	अनुमान	खरीद	अनुमान	खरीद	अनुमान	खरीद
आंध्र प्रदेश	1,75,000	29,369	-	-	-	-	26,000	376
असम	-	-	-	-	-	-	90	-
छत्तीसगढ़	-	-	-	-	-	-	1,595	-
गुजरात	13,000	2,946	1,26,726	1,10,085	14,000	-	1,000	1
हरियाणा	-	-	2,31,334	2,31,334	-	-	-	-
हिमाचल प्रदेश	-	-	-	-	-	-	100	-
कर्नाटक	4,00,000	1,90,421	-	-	-	-	6,56,392	2,26,576
मध्य प्रदेश	50,000	-	1,86,067	-	-	-	-	-
महाराष्ट्र	1,47,548	87,087	12,000	-	1,87,278	81	50,100	189
तमिलनाडु	-	-	-	-	-	-	17,000	1,889
तेलंगाना	-	-	-	-	4,50,000	-	-	-
उत्तर प्रदेश	30,000	13,340	5,00,000	3,55,039	92,000	4,451	-	1
उत्तराखंड	-	-	-	-	-	-	16,400	1,889
कुल	**8,15,548**	**3,23,163**	**10,56,127**	**6,96,458**	**7,43,278**	**4,532**	**7,68,677**	**2,30,921**

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	केएमएस 2024-25									
	ज्वार		बाजरा		मक्का		रागी		फॉक्सटेल मिलेट	
	अनुमान	खरीद	अनुमान	खरीद	अनुमान	खरीद	अनुमान	खरीद	अनुमान	खरीद
आंध्र प्रदेश	2,00,000	35,402	-	-	-	-	9,000	1,107	3,000	-
गुजरात	8,300	5,327	1,17,223	86,041	1,118	118	1,500	5	-	-
हरियाणा	-	-	1,56,000	1,56,000	-	-	-	-	-	-
कर्नाटक	2,27,068	1,94,028	-	-	-	-	8,08,151	3,46,079	-	-
मध्य प्रदेश*	2,00,000	908	-	-	-	-	-	-	-	-
महाराष्ट्र	1,01,685	1,32,249	6,573	-	85,863	52	12,269	233	-	-
ओडिशा	-	-	-	-	-	-	40,000	-	-	-
तमिलनाडु	-	-	-	-	-	-	17,000	4,051	-	-
उत्तर प्रदेश	47,015	46,942	2,20,000	1,01,311	40,000	19,312	-	-	-	-
उत्तराखंड	-	-	-	-	-	-	5,000	3,139	-	-
कुल	**7,84,069**	**4,14,856**	**4,99,796**	**3,43,352**	**1,26,981**	**19,482**	**8,92,920**	**3,54,614**	**3,000**	**-**

* खरीफ विपणन मौसम 2024-25 के लिए, मध्य प्रदेश में 200000 टन के अनुमान में बाजरा और ज्वार दोनों शामिल हैं

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	केएमएस 2025-26									
	ज्वार		बाजरा		मक्का		रागी		लघु मिलेट	
	अनुमान	खरीद	अनुमान	खरीद	अनुमान	खरीद	अनुमान	खरीद	अनुमान	खरीद
आंध्र प्रदेश	5,000	-	-	-	-	-	10,000	-	-	-
गुजरात	-	-	14,472	14,472	564	564	13	13	-	-
हरियाणा	-	-	2,32,000	233	-	-	-	-	-	-
कर्नाटक	3,00,000	-	-	-	-	-	6,00,000	1,73,165	29,000	-
मध्य प्रदेश	50,000	379	1,50,000	-	-	-	-	-	-	-
महाराष्ट्र	85,000	4,778	2,500	-	1,16,000	64,138	3,500	439	-	-
ओडिशा	-	-	-	-	-	-	80,000	-	-	-
तमिलनाडु	-	-	-	-	-	-	6,000	2,783	-	-
तेलंगाना	-	-	-	-	2,00,000	-	-	-	-	-
उत्तर प्रदेश	50,000	43,562	2,20,000	2,13,973	15,000	13,209	-	-	-	-
उत्तराखंड	-	-	-	-	-	-	5,000	5,386	-	-
कुल	**4,90,000**	**48,719**	**6,18,972**	**2,28,678**	**3,31,564**	**77,911**	**7,04,513**	**1,81,786**	**29,000**	**-**

*****

अनुबंध- VI

लोक सभा में दिनांक 25.03.2026 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न सं.5403 के उत्तर के भाग (च) में उल्लिखित अनुबंध

केन्द्रीय पूल के लिए डीसीपी राज्यों में धान (चावल के रूप में) की खरीद

(आंकड़े लाख टन में)

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	केएमएस 2020-21	केएमएस 2021-22	केएमएस 2022-23	केएमएस 2023-24	केएमएस 2024-25	केएमएस 2025-26 (दिनांक 19.03.2026 तक जारी)
1	आंध्र प्रदेश	56.66	44.61	27.55	20.38	25.60	27.38
2	तेलंगाना	94.53	73.94	62.89	63.86	67.29	39.49
3	बिहार	23.84	30.09	28.17	20.63	26.28	22.84
4	छत्तीसगढ़	47.62	61.65	58.65	83.00	78.00	73.00
5	गुजरात	0.74	0.82	1.18	0.57	0.24	0.46
6	हिमाचल प्रदेश	0.00	0.19	0.09	0.15	0.25	0.14
7	झारखंड	4.28	5.12	1.17	0.50	1.40	0.39
8	कर्नाटक	1.38	1.47	0.14	0.00	0.00	0.04
9	केरल	5.20	5.09	4.97	3.80	3.95	1.15
10	मध्य प्रदेश	24.97	30.70	31.02	28.25	29.09	34.67
11	महाराष्ट्र	12.72	12.27	12.38	7.80	10.67	6.47
12	ओडिशा	52.58	48.31	53.83	48.20	58.17	49.75
13	एनईएफ (त्रिपुरा)	0.16	0.39	0.30	0.21	0.24	0.11
14	तमिलनाडु	30.53	18.76	23.01	23.77	32.63	16.00
15	उत्तराखंड	7.18	7.74	6.00	4.89	4.51	5.02
16	पश्चिम बंगाल	18.90	24.01	21.82	16.79	19.91	16.37
	डीसीपी कुल	**381.31**	**365.14**	**333.18**	**322.83**	**358.25**	**293.28**

अनुबंध- VII

लोक सभा में दिनांक 25.03.2026 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न सं.5403 के उत्तर के भाग (च) में उल्लिखित अनुबंध

डीसीपी राज्यों में गेहूं की खरीद

आंकड़े लाख टन में

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	आरएमएस 2020-21	आरएमएस 2021-22	आरएमएस 2022-23	आरएमएस 2023-24	आरएमएस 2024-25	आरएमएस 2025-26
1	पंजाब	127.14	132.22	96.45	121.12	124.57	119.19
2	मध्य प्रदेश	129.42	128.16	46.04	70.97	48.39	77.74
3	बिहार	0.05	4.56	0.04	0.01	0.10	0.18
4	उत्तराखंड	0.39	1.44	0.02	0.00	0.02	0.01
5	गुजरात	0.77	1.70	0.00	0.00	0.00	0.04
6	महाराष्ट्र	0.00	0.01	0.00	0.00	0.00	0.00
7	हिमाचल प्रदेश	0.03	0.13	0.03	0.03	0.03	0.03
	अखिल भारत कुल	**257.80**	**268.22**	**142.57**	**192.13**	**173.10**	**197.19**